प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 13.01.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने नगर निकाय चुनाव से जुड़े प्रस्ताव को दी मंजूरी, इसी माह राज्य निर्वाचन आयोग जारी कर सकता है अधिसूचना।

2. केन्द्रीय मंत्री जुएल ओराम पहुंचे रांची, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव की पूरी करायेंगे प्रक्रिया, जारी की गयी प्रदेश परिषद सदस्यों की सूची।

3. राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने 15 और 16 जनवरी को बुलायी बजट पूर्व बैठकें, अलग–अलग क्षेत्र के विशेषज्ञों से लेंगे सुझाव।

4. राज्य में ठंड का प्रकोप जारी, मौसम विभाग ने रांची, पलामू, सिंहभूम समेत 13 जिलों में 16 जनवरी तक शीतलहर चलने का जारी किया येलो अलर्ट।
5. रांची में खेली जा रही पुरुष हॉकी इंडिया लीग में एसजी पाइपर्स ने हैदराबाद तूफांस को हराया, एचआइएल जीसी ने तमिलनाडु ड्रैगंस को दी शिकस्त।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने नगर निकाय से जुड़े राज्य निर्वाचन आयोग के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी है। इसके साथ ही राज्य के 48 नगर निकाय क्षेत्रों में चुनाव का रास्ता साफ हो गया है। आयोग इसी माह चुनाव की अधिसूचना जारी कर सकता है। आधिकारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार होली के पहले चुनाव की प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगी।

****

केंद्रीय मंत्री जुएल ओराम भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया पूरी कराने के लिए रांची पहुंचे हैं। उन्हें पार्टी ने राज्य चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है। कल नये प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा कर दी जायेगी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस पद के लिए आदित्य साहू का नाम रेस में सबसे आगे बताया जा रहा है। इसके साथ ही प्रदेश परिषद सदस्यों की सूची भी जारी कर दी गई है ताकि मतदान की प्रक्रिया सुचारू रूप से पूरी हो सके।

****

केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने विकसित भारत जी राम जी योजना को ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सुधार के लिए बेहद कारगर बताया है। रांची में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि इस योजना से कामों में पारदर्शिता भी बढ़ेगी।

****

राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने बजट पूर्व तैयारियों को लेकर 15 और 16 जनवरी को महत्वपूर्ण बैठकें बुलाई हैं। इन बैठकों में वे विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों के साथ विचार करेंगे और उनके सुझाव लेंगे। वित्त मंत्री ने कहा कि अच्छे सुझावों को बजट में शामिल किया जायेगा।

****

खूंटी प्रखंड परिसर में आयोजित जनता दरबार में राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। इसमें मुख्य रूप से कृषि, सिंचाई, पशुपालन और बीज–खाद से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। मंत्री ने अधिकारियों को शिकायतों का त्वरित समाधान करने और कृषि योजनाओं का लाभ समय पर देने के निर्देश दिए। मंत्री ने कहा कि जनसमस्याओं का समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

****

झारखंड हाई कोर्ट में आज नगर निगमों के वर्गीकरण के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई होगी। याचिकाकर्ता शांतनु कुमार चंद्रा ने इस वर्गीकरण को असंवैधानिक बताया है। इसमें धनबाद मेयर पद को अनारक्षित रखने और गिरिडीह मेयर पद को अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित करने के फैसले का भी विरोध किया गया है।

****

आईआईटी आईएसएम धनबाद में 6 से 8 फरवरी तक कॉन्क्लेव और प्रदर्शनी का आयोजन होगा। इसकी थीम स्मार्ट माइनिंग और ग्रीन एनर्जी है। संस्थान के निदेशक प्रोफेसर डॉ सुकुमार मिश्रा ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य नवाचार के जरिए विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को मजबूती देना है। इसमें कई विशेषज्ञ और पूर्व छात्र शामिल होंगे।

****

प्रधानमंत्री के सक्रिय शासन और समयबद्ध कार्यान्वयन के सर्वोत्कृष्ट मंच– प्रगति ने अपनी 50वीं सफल बैठक के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। श्री मोदी ने इसे 2015 में शुरू किया था। आज, इस विशेष श्रृंखला में, हम बिहार में स्थित साढे चार किलोमीटर लंबे पटना–गंगा रेल–सह–सड़क पुल पर एक नज़र डालते हैं।

****

बोकारो डीआईजी आनंद प्रकाश ने बाघमारा थाना का औचक निरीक्षण कर लंबित कांडों और वारंटी मामलों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया। उन्होंने थाना प्रभारी की कार्यशैली पर संतोष जताया और थाने में पौधारोपण किया। बंगाल चुनाव के मद्देनजर सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष जांच और चेकनाका लगाने के भी निर्देश दिए।

****

दुमका में संताल समाज के सोहराय पर्व की धूम है। एलआइसी कॉलोनी स्थित सारजोम बेड़ा क्लब के आयोजन में नॉर्वे से आए विदेशी पर्यटकों ने भी हिस्सा लिया। उन्होंने संताली परिधान पहनकर मांदर की थाप पर पारंपरिक नृत्य किया और इस प्रकृति पर्व की संस्कृति से अभिभूत हुए।

****

राज्य में कड़ाके की ठंड और शीतलहर का प्रकोप जारी है। मौसम विभाग ने रांची, पलामू और सिंहभूम सहित 13 जिलों में 16 जनवरी तक के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि जनवरी महीने में ठंड से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है।

****

रांची में चल रही पुरुष हॉकी इंडिया लीग में कल खेले गये मैचों में एसजी पाइपर्स ने हैदराबाद तूफांस को 2–1 से हरा दिया। एक अन्य मैच में एचआइएल सीजी ने तमिलनाडु ड्रैगन्स को 4–2 से पराजित किया। आज श्राची बंगाल टाइगर्स और तमिलनाडु ड्रैगन्स के बीच रात सवा आठ बजे से मुकाबला है।

****

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने राज्य में नगर निकाय चुनाव से जुड़े प्रस्ताव को राज्यपाल से मंजूरी मिलने की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– राज्य के 9 विवि व 150 कॉलेजों में खुलेंगे स्टूडेंट रिसोर्स सेंटर, 10 लाख छात्रों को लाभ।

हिन्दुस्तान के शब्द हैं– झारखंड के मेगालिथ से विश्व को रुबरु करायेंगे मुख्यमंत्री।

प्रभात खबर लिखता है– मासूम अंश और अंशिका की जानकारी देने वालों को मिलेंगे अब चार लाख रुपये।

दैनिक जागरण के अनुसार बेतला नेशनल पार्क में रांची के पर्यटकों को धूप सेंकते दिखा बाघ।

<u>********************</u>